

Exchange & Finance Available
Zelo Electric Scooter
Maa Bhagwati Services & Enterprises
B. No. 23, Infront of IDBI Bank,
Neemuch 9407423966, 8770664866

PRGI Reg. No. MPHIN/2023/90883

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार
18 मार्च 2026

वर्ष - 03, अंक - 46 - मूल्य 02 रूपए
पृष्ठ - 04

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

Commodity: Gold 99,735 Silver 97,000 Crude Oil 5,963 Natural Gas 302.20 Aluminium 232.30 Copper 827.35

## कृषक कल्याण वर्ष में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और कृषक कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने का करें कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा। कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है। ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री द्वय श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पवार सहित मंत्रीगण, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि, एफपीओ के पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मध्यप्रदेश के पुराने विधानसभा भवन का पवित्र स्थान है। इस स्थान पर कृषक कल्याण योजनाओं पर केन्द्रित कार्यशाला राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र को दी जा रही प्राथमिकता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन और पशुपालन की व्यापक संभावनाएं हैं।उन्हें साकार करने के प्रयास सफल हो रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है। अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है। दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा है। इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क दूध वितरण के लिए माता यशोदा योजना शुरू करने की पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। टूरिज्म डिपार्टमेंट ने होम स्टे की योजना शुरू की है। होम स्टे संचालकों के लिए 20 लाख रुपये तक की आय जीएसटी से मुक्त रखी गई है। लघु-कुटीर उद्योग के क्षेत्र में शहद उत्पादन से किसान लाभ कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं। राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के अंतर्गत आ जाता है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर करने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

## आरएसएस ने भौगोलिक आधार पर किए प्रांत और विभाग में परिवर्तन, मध्य प्रदेश में अब सात संभाग

भोपाल। आरएसएस की रचना में अब प्रांत और विभाग स्तर पर परिवर्तन किए गए हैं। संघ में अब प्रांत यानी राज्य केवल एक मध्य प्रदेश होगा।

मध्य प्रदेश में अब तक तीन प्रांत मध्य भारत, मालवा और महाकौशल हुआ करते थे। विभाग भी रहेंगे लेकिन उसके ऊपर संभाग होंगे। इसी अनुसार पदनाम होंगे। राज्य स्तर पर प्रदेश कार्यसमिति होगी और इसके मुखिया राज्य प्रचारक होंगे।

संघ का विस्तार कार्य और समन्वय दोनों का दायित्व अलग अलग होगा। नई रचना में संभाग प्रचारक होंगे। भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर , रीवा सहित सात संभाग संघ की रचना में होंगे। मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडे ने मंगलवार को भोपाल में यह जानकारी दी। पांडे ने बताया कि इस वर्ष को संत रविदास जन्म जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा में प्रचारक भेजने का निर्णय भी अब क्षेत्र स्तर पर होगा।




## ई-टोकन से होगा शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण

नीमच 16 मार्च (निप्र)। जिले में किसानों को उर्वरक वितरण की व्यवस्था अब पूरी तरह डिजिटल की जा रही है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में 15 जनवरी से ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से किसानों को उर्वरक वितरण किया जा रहा है। संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से जिले में शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाएगा। इस व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए किसानों की भूमि के सभी सर्वे नंबर फार्मर रजिस्ट्री (एग्री स्टेक) में अपडेट होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री 25 मार्च तक कराएं कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि ई-विकास प्रणाली के तहत उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए वे अपने रकबे के समस्त सर्वे नंबर फार्मर रजिस्ट्री (एग्री स्टेक) में 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपडेट करा लें। इससे 1 अप्रैल से ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

## 24 घंटे में पार्सल डिलीवरी की गारंटी, डाक विभाग ने शुरू की 3 हाई-स्पीड सर्विस

नई दिल्ली। डाक विभाग ने मंगलवार को तीन प्रीमियम सेवाएं शुरू कीं। इनमें तत्काल और समयबद्ध खेपों के लिए 24 और 48 घंटे में डिलीवरी की गारंटी दी गई है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधियां ने 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल और 48 स्पीड पोस्ट का शुभारंभ किया।




**छह प्रमुख शहरों में सेवाएं शुरू की गईं** - शुरुआत में, ये सेवाएं छह शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की जा रही हैं। विभाग निर्धारित समयसीमा के भीतर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रसंस्करण और प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग करेगा।

**सिंधियां ने किया शुभारंभ** - सिंधियां ने कहा कि यह शुभारंभ इंडिया पोस्ट के लिए एक नए सिरे से शुरुआत का प्रतीक है और उन्होंने इसमें निहित विशाल अवसर की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ई-कामर्स बाजार 2030 तक 30 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने के लिए तैयार है, जो वर्तमान में 11 लाख करोड़ रुपये से लगभग तीन गुना अधिक है। नई सेवाओं में ओटीपी-सत्यापित डिलीवरी और व्यापक एंड-टू-एंड ट्रैकिंग के साथ-साथ रीयल-टाइम एसएमएस अलर्ट की सुविधा होगी।

## नीमच के बोरखेड़ी पानेरी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### खेत में गया था परिवार, कच्चा घर-बाड़ा जला, दो दमकलों ने पाया काबू

नीमच । सिटी थाना क्षेत्र के बोरखेड़ी पानेरी गांव में मंगलवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई।

इस हादसे में किसान गोविंद नायक का कच्चा मकान और पशुओं का बाड़ा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत पर मजदूरी करने गए थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

**सूखे चारे में उठी चिंगारी ने लिया विकराल रूप** - ग्रामीणों के अनुसार, दोपहर में बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी बाड़े में रखे सूखे चारे (सुखला) पर गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास ही स्थित खाद के ढेर (रोड़ी) व कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में धुएं का गुबार देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और बचाव कार्य शुरू किया।

**पुलिस और फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग** - सूचना मिलते ही जवासा चौकी प्रभारी असलम पठान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। पुलिस ने पुष्टि की है कि स्थिति अब नियंत्रण में है और आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है ।

**पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान** - आगजनी की इस घटना में किसान का घरेलू सामान और मवेशियों के लिए रखा चारा जलकर नष्ट हो गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि राजस्व विभाग के माध्यम से नुकसान का आकलन कराया जा रहा है ताकि पीड़ित परिवार को नियमानुसार सहायता मिल सके।

घटना के समय घर पर किसी के न होने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## सर्राफा व्यापारी की दुकान में चोरी का मामला, पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

जावद। नगर के रेणवाली गली स्थित एक सराफा व्यापारी की दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए जावद निवासी पंकज जैन को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार सराफा व्यापारी राजेश सोनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ वर्ष पूर्व पंकज जैन उनकी ज्वेलर्स की दुकान पर काम करता था और लंबे समय तक वहां कार्यरत रहा। इस दौरान वह दुकान के कामकाज और लेन-देन से भलीभांति परिचित था।

राजेश सोनी के अनुसार जब उन्होंने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी तो उसमें पंकज जैन(बीकानेरिया) को जेवरात और नकदी चोरी करते हुए देखा गया।

इसके बाद उन्होंने उससे चोरी किए गए जेवरात और नगदी लौटाने के लिए कहा, लेकिन वह टालमटोल करता रहा। जब आरोपी ने सामान लौटाने से साफ इनकार कर दिया तो व्यापारी ने पुलिस थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई।

फरियादी द्वारा उपलब्ध कराई गई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## भाजपा के सीनियर नेता करण सिंह का निधन

नीमच । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष करण सिंह परमार, जिन्हें प्यार से सब 'करण दादा' कहते थे, का मंगलवार को निधन हो गया। नीमच के निजी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके जाने से भाजपा ने एक ऐसा चेहरा खो दिया है जिसने जनसंघ के जमाने से लेकर आज की भाजपा तक संगठन को सींचने का काम किया।



करण दादा का कद राजनीति में कितना बड़ा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर और कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े नेताओं के साथ युवा मोर्चा में कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था।

वे लंबे समय तक प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते रहे और भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के अहम सदस्य भी रहे।

**विरासत में मिली थी संगठन की सेवा** - करण दादा को सेवा और संगठन के संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता खुद आरएसएस और जनसंघ के प्रचारक थे। दादा न केवल राजनीति में सक्रिय थे, बल्कि अपनी बेबाक शैली और साफ-सुथरी विचारधारा के लिए भी जाने जाते थे। फिलहाल उनकी पत्नी रंजना परमार नगर पालिका की उपाध्यक्ष हैं और दादा खुद शहर के विकास कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

**नेताओं ने जताया गहरा दुख** - उनके निधन की खबर लगते ही मालवा अंचल सहित पूरे प्रदेश में शोक है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद बंशीलाल गुर्जर और सुधीर गुप्ता समेत भाजपा और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने इसे अपनी व्यक्तिगत क्षति बताया है।

## युवक का तीन दिन पुराना शव कमरे में मिला

नीमच । शहर के केंट थाना क्षेत्र के ग्वालटोली इलाके में एक किराए के मकान में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान घनश्याम पिता हरीशचंद्र भाट के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शव करीब दो से तीन दिन पुराना था।

घनश्याम टंकी एरिया के समीप एक किराए के मकान में अकेला रहता था। दो-तीन दिनों तक उसे घर के बाहर नहीं देखा गया। जब कमरे से बदबू आने लगी, तो पड़ोसियों को कुछ संदिग्ध होने का आभास हुआ। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

जांच में सामने आया है कि मृतक घनश्याम पिछले कुछ महीनों से बेरोजगार था और गंभीर बीमारी से भी पीड़ित था। उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब थी, जिसके कारण वह अक्सर पड़ोसियों से मदद मांगकर गुजारा करता था।

घनश्याम मूल रूप से रामपुरा के दूदलई गांव का निवासी था और नीमच में अकेला रह रहा था, जबकि उसकी बहन और जीजा भी यहीं रहते हैं। केंट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार दोपहर को शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## गैस बुकिंग के लिए आपको भी करानी होगी e-KYC?

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच भारत में गैस की किल्लत देखने को मिल रही है। गैस संकट के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी (e-KYC) को लेकर जारी भ्रम को दूर कर दिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने यह सप्ष्ट कर दिया है कि बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण केवल उन ग्राहकों के लिए अनिवार्य है, जो अब तक अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं की है। दरअसल, भारत में 33 करोड़ से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं हैं। जिनमें 105.1 मिलियन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी शामिल हैं। देशभर में जारी गैस संकट के बीच सरकार ने यह साफ कर दिया है कि सामान्य ग्राहकों को इसे बार-बार करने की आवश्यकता नहीं है।

## खेत में मिला युवती का शव

### जवासा चौकी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत


नीमच निप्र। जवासा-सावन रोड स्थित खेत में सोमवार सुबह 25 वर्षीय युवती का शव मिला। शव के कपड़े अस्त-व्यस्त थे, जिससे पुलिस हत्या या किसी अन्य हादसे की आशंका जता रही है।

**किसान ने किया शव का पता** - किसान प्रभु लाल माली सुबह खेत में काम करने पहुंचे तो उन्होंने युवती का शव खुले मैदान में देखा। सूचना मिलने पर जवासा चौकी प्रभारी असलम पठान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। शव को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

**मृतका की पहचान** - पुलिस ने मृतका की पहचान ग्राम चलदू निवासी 25 वर्षीय फूल कुंवर पुत्री कालू सिंह राजपूत के रूप में की। परिजनों के अनुसार, वह पिछले चार-पांच महीनों से अपनी मां श्याम कुंवर के साथ भादवा माता स्थित धार्मिक स्थल में रह रही थी। मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर इधर-उधर घूमती रहती थी।

**पुलिस ने हादसे की आशंका जताई** - नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने अस्पताल जाकर परिजनों से जानकारी ली। जवासा चौकी प्रभारी असलम पठान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। मौत के असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे।

## श्री साधु मार्गी जैन संघ के चुनाव संपन्न



नीमच । श्री साधुमार्गी जैन श्रावक संघ नीमच के सन 2026 से 28 के चुनाव उत्सव पूर्ण वातावरण में श्री समता भवन जवाहर नगर पर संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति बनी और अध्यक्ष कोमलचंद गांग चुने गए साथ ही सुशील राठौर महामंत्री एवं किशन लाल लोढा को कोषाध्यक्ष चुना गया ।

इसके पूर्व अध्यक्ष अरुण कोठारी ने अध्यक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा मंत्री रोशन लाल फान्फरिया अपने किए कार्यों की जानकारियां दी एवं कोषाध्यक्ष सुरेश मुणोत ने 2 वर्ष का आयव्यय का लेख प्रस्तुत किया I अंत में चुनाव संपन्न हुए पूर्व अध्यक्षश्री अरुण कोठारी ने सभी का आभार माना I

## नीमच में वस्त्र व्यवसायी कल्याण संघ का होली मिलन और निर्वाचन संपन्न, शैलेंद्र तोलानी बने अध्यक्ष

नीमच (निप्र)। शहर के गोदाम बालाजी परिसर में रविवार, 15 मार्च 2026 को वस्त्र व्यवसायी कल्याण संघ नीमच का भव्य होली मिलन समारोह और द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।



इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति का परिचय देते हुए आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया, जिसमें सूरत टेक्सटाइल के शैलेंद्र तोलानी को अध्यक्ष, गायत्री वस्त्रालय के वैभव पारीक को सचिव तथा दिव्या टेक्सटाइल के दीपक शर्मा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी महेश गोयल (फैशन कटपीस) की देखरेख में कुशलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें संस्था के संरक्षक जिनेंद्र डोसी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप मोगरा ने अपने पिछले दो वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल की उपलब्धियों और संगठन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण साझा किया, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। मोगरा ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। आयोजन के अंत में पूर्व सचिव दीपक पारवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 20वां आवरी माता मेला कल से लगेगा

नीमच । जिले के चिंताखेड़ा के पास आरोग्य देवी महामाया आवरी माताजी के 20वें विशाल मेले की तैयारियां अब आखिरी दौर में हैं। यह 9 दिनों का उत्सव 19 मार्च, गुरुवार से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। यह मेला न केवल मध्य प्रदेश के नीमच-मंदसौर बल्कि राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और गुजरात तक काफी मशहूर है। मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को दुकानदारों को जगह (प्लॉट) बांट दी गई है, जिसके बाद से ही मेला परिसर में काफी चहल-पहल बढ़ गई है। मंदिर समिति के ट्रस्ट और मेला अध्यक्ष मनसुख जैन की देखरेख में पूरे परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाया जा रहा है।

## प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों और मंत्री मंडल विस्तार पर फिलहाल विराम

भोपाल । देश के पांच राज्यों में विधानसभा का बिगुल बज चुका है और राजनीतिक पार्टियां चुनाव के लिए कमर कस चुकी हैं। लेकिन इस चुनावी प्रक्रिया का असर मध्य प्रदेश में पड़ता दिख रहा है। दरअसल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ मध्य प्रदेश में होने वाली राजनीतिक नियुक्तियों पर फिलहाल विराम सा लगता दिख रहा है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐलान की वजह से टल सकता है विस्तार - अब बीजेपी और बीजेपी नेतृत्व चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त हो जाएंगे और चुनावी राज्यों में उनको प्रचार और काम करने के लिए भी जाना पड़ेगा। वहीं चुनावी घोषणा के साथ ही निगम-मंडल से लेकर मंत्रि मंडल के विस्तार को लेकर संभावित फेरबदल भी टलता दिख रहा है। इससे उम्मीद की राह देख रहे नेताओं की धड़कनें बढ़ गई दी है। वैसे नेताओं को भी लगने लगा है कि राज्यों के चुनावों की वजह से उनकी नियुक्तियां एक बार फिर से न टल जाएं। चुनावी ऐलान के साथ ही दावेदारों की धुकधुकी भी बढ़ती जा रही है। वहीं ये बातें भी सामने आने लगी है कि चुनावी तारीखों ने उनका टेंशन बढ़ा दिया है। इसलिए पद के दावेदार अपने संपर्क और अपने स्तर पर ही राजधानी दिल्ली और भोपाल में सीनियर नेताओं से जानकारी ले रहे हैं ।

**सीएम सहित ही कई मंत्री कर चुके हैं आलाकमान से मुलाकात** - पिछले दिनों में सीएम मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल भी बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर चुके हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को उनके बयानों के लिए दिल्ली तलब किया था। गौर करने वाली बात है कि मोहन यादव ने सीएम अपने के बाद दिसम्बर 25, 2023 को मंत्रिमंडल विस्तार किया था। मौजूदा समय में दो उप मुख्यमंत्रियों को मिला 20 कैबिनेट, 6 राज्यमंत्री स्वमंत्र प्रभार सहित 4 राज्य मंत्री है ।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# युद्ध नहीं, शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा

(लेखक- ललित गर्ग)

भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है।

नई बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज़ करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा।

युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए। शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर समझदारी, प्रतिशोध के स्थान पर कूटनीति और वर्चस्व के स्थान पर साझी जिम्मेदारी-इन्हीं मूल्यों से विश्व को स्थिरता मिल सकती है। यह संघर्ष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और भू-राजनीतिक भी है। यूक्रेन संकट के बाद विश्व पहले ही ध्रुवीकरण की दिशा में बढ़ चुका था। अब यदि पश्चिम एशिया में स्थायी अस्थिरता पैदा होती है तो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संतुलन साधना कठिन हो जाएगा। भारत एक ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग भी मजबूत हुआ है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होना भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति के लिए जटिल प्रश्न बन सकता है।

भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे समय में भारत की भूमिका केवल एक प्रभावित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक संभावित मध्यस्थ और संतुलनकर्ता की भी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में बहुध्रुवीय कूटनीति की जो नीति अपनाई है, वह इसी प्रकार की जटिल परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। भारत ने एक ओर अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी को सुदृढ़ किया है, वहीं रूस से ऊर्जा सहयोग बनाए रखा है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित संबंध कायम रखे हैं। यह 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति भारत को किसी एक खेमे में बंधने से बचाती है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे संवाद और शांति प्रयासों के लिए विश्वसनीय मंच प्रदान कर सकता है।



भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, जिसमें ईरान भी सदस्य बन चुका है। यह मंच वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करने का अवसर देता है। यदि भारत इस मंच के माध्यम से युद्धविराम, संवाद और बहुपक्षीय समाधान की पहल करता है, तो वह न केवल अपनी कूटनीतिक विश्वसनीयता बढ़ा सकता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता या सीमित प्रभाव के बीच मध्यम शक्तियों की भूमिका बढ़ना स्वाभाविक है। भारत, जो स्वयं उपनिवेशवाद और शीत युद्ध की राजनीति से सीख लेकर उभरा है, शांति-आधारित बहुपक्षवाद का पक्षधर बन सकता है। दूसरी ओर, दक्षिण एशिया में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक अस्थिरता का प्रभाव भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है और साथ ही दक्षिण एशिया में भी उथल-पुथल होती है, तो भारत को दो मोर्चों पर रणनीतिक सतर्कता रखनी होगी। आतंकवाद, कट्टरता और अवैध हथियारों का प्रसार ऐसे वातावरण में बढ़ सकता है। अतः भारत के लिए यह समय केवल आर्थिक प्रबंधन का नहीं, बल्कि सुरक्षा और कूटनीतिक संयम का भी है।

समाधान क्या हो सकता है? प्रथम, युद्धविराम और संवाद की बहुपक्षीय पहल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वैश्विक शक्तियों को यह समझना होगा कि स्थायी शांति केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि राजनीतिक समझौते और पारस्परिक सम्मान से आती है। द्वितीय, ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को तेज करना होगा, ताकि तेल-निर्भरता कम हो और भू-राजनीतिक संकटों का असर सीमित किया जा सके। तृतीय, वैश्विक संस्थाओं का पुनर्गठन आवश्यक है, ताकि वे केवल महाशक्तियों के प्रभाव का साधन न बनकर न्यायपूर्ण और प्रभावी मंच बन सकें। चतुर्थ, क्षेत्रीय संवाद मंचों-जैसे ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत के लिए भी यह अवसर है कि वह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अपनी परंपरा को व्यवहार में उतारे। शांति, सहअस्तित्व और संवाद का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर ठोस कूटनीतिक पहलों में दिखना चाहिए। यदि भारत ऊर्जा विविधीकरण, रक्षा आत्मनिर्भरता, डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता है, तो वह वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिरता बनाए रख सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सक्रियता-चाहे वह बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी हो या क्षेत्रीय देशों के साथ प्रत्यक्ष संवाद-भारत की अस्मिता और हितों की रक्षा के प्रयास का संकेत देती है।

निश्चित तौर पर युद्ध किसी भी देश के लिए स्थायी लाभ का माध्यम नहीं बन सकता। इतिहास गवाह है कि शक्ति-प्रदर्शन से अस्थायी विजय मिल सकती है, किंतु स्थायी शांति केवल न्याय, संवाद और सहयोग से ही आती है। नई बनती दुनिया को यदि स्थिर और मानवीय बनाना है, तो उसे हथियारों की दौड़ से आगे बढ़कर सहअस्तित्व की संस्कृति अपनानी होगी। भारत, जो स्वयं विविधता और सहिष्णुता का प्रतीक है, इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है। चुनौती बड़ी है, किंतु अवसर भी उतना ही व्यापक है-शर्त यह है कि विश्व नेतृत्व युद्ध की भाषा छोड़कर शांति की भाषा सीखे और भारत अपने संतुलित, स्वायत्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस वैश्विक उथल-पुथल में स्थिरता का स्तंभ बने।

संपादकीय

## आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है।

## मार्च-अप्रैल का राशन एक साथ प्राप्त करें

### हितग्राहियों को दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा, 15 अप्रैल तक मिलेगा वितरण

नीमच । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च और अप्रैल 2026 माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित की जा रही है। दोनों माह की राशन सामग्री का वितरण 15 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा।

राशन प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों पर लगी पीओएस मशीन में दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। पहली बार मार्च माह के लिए और दूसरी बार अप्रैल माह के लिए अंगूठा लगाना होगा। इस प्रकार कुल दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही हितग्राही को दोनों माह का राशन उपलब्ध कराया जाएगा । दोनों बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान का विक्रेता हितग्राही को मार्च और अप्रैल माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एक साथ प्रदान करेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र परिवारों से अपील की गई है कि वे 15 अप्रैल 2026 से पहले किसी भी उचित मूल्य दुकान पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कर मार्च और अप्रैल दोनों माह का राशन प्राप्त कर लें।

पॉक्सो व महिला-बाल अपराधों पर अभियोजन अधिकारियों की कार्यशाला

# साक्ष्य एकत्र करते समय सावधानी जरूरी, अनुसंधान में त्रुटि न रहे: न्यायाधीश रश्मि मिश्रा




नीमच। प्रत्येक आपराधिक प्रकरण में अनुसंधान के दौरान साक्ष्य एकत्र करते समय पुलिस अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही अभियोजन अधिकारियों का भी दायित्व है कि वे समय-समय पर पुलिस अधिकारियों को मार्गदर्शन देते रहें, ताकि अनुसंधान में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। ये विचार विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम रश्मि मिश्रा ने अभियोजन अधिकारियों की दक्षता संवर्धन के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किए।

जिला अभियोजन संचालनालय नीमच के मीडिया प्रभारी रितेश कुमार सोमपुरा ने बताया कि अभियोजन अधिकारियों की कार्यक्षमता व ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश अभियोजन संचालनालय के संचालक बी.एल. प्रजापति के निर्देशन तथा प्रभारी संयुक्त संचालक रामेश्वर कुमरे के मार्गदर्शन में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित होटल श्रेष्ठा पैराडाइज में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक अभियोजन जगदीश चौहान ने की। इस अवसर पर जिले के समस्त अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिसौदिया ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन से अधिकारियों को अपनी कमियों को सुधारने का अवसर मिलता है और व्यावसायिक ज्ञान में भी वृद्धि होती है।

कार्यशाला का विषय पॉक्सो अधिनियम एवं महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित मामलों में व्यावसायिक दक्षता बढ़ाना था। विशेष न्यायाधीश रश्मि मिश्रा ने प्रतिभागियों को पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के अनुसंधान में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। व्याख्यान के बाद उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अभियोजन अधिकारी विवेक सोमानी ने किया। संचालन अभियोजन अधिकारी पारस मित्तल ने किया तथा आभार प्रदर्शन अभियोजन अधिकारी अजय वर्मा ने किया।

